हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 अगस्त 2025

11 बाढ़ड़ा में बीमा क्लेम मुआवजे को लेकर धरने पर बैठे ...



12 अंडर-17 आयु वर्ग की वॉलीबॉल में कैरू ने ...



**खबर संक्षेप**

### सिद्धिधाम में रक्तदान शिविर कल

**भिवानी।** राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि विश्व बंधुत्व दिवस पर 24 अगस्त रविवार को ब्रह्माकुमारीज एवं समाजसेवा प्रभाग द्वारा सोमवारी माता के निकट स्थित सिद्धिधाम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। बीके सुमित्रा व बीके कीर्ति ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### अधिकार मित्र के लिए 16 तक करें आवेदन

**तोशाम।** सब डिविज़नल सेवा विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं एसडीजेएम सुनील कुमार ने बताया कि सबडिविजनल सेवा प्राधिकरण में अधिकार मित्र के लिए आवेदन अब 16 सितंबर तक करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निदेशानुसार अधिकार मित्र के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों को जागरूक करने के लिए अधिकार मित्र के रूप में पैनल में शामिल करने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2025 शाम 5:00 बजे तक बढ़ा दी गई है।

### श्रीश्याम सेवा समिति का भंडारा हुआ संपन्न

**लोहारू।** श्रीश्याम सेवा समिति के तत्वावधान और शहर वासियों के सहयोग से आयोजित पांच दिवस भंडारा संपन्न हो गया। श्रीश्याम सेवा समिति के प्रधान लीलाधर डालमिया और राधेश्याम स्वामी ने बताया कि कई वर्षों से उनके संगठन द्वारा भंडारा लगाया जा रहा है।

# सड़कों पर नजर नहीं आएंगे बेसहारा मवेशी, 31 तक चलेगा अभियान

## चरखी दादरी शहर में 350 बेसहारा पशुओं में से अब तक 190 पकड़े

■ 31 अगस्त तक पशु पकड़ने के लिए डेडलाइन निर्धारित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/चरखी दादरी

वाहन चालकों के लिए हादसों का प्रयाय बने बेसहारा पशु अब शहर की सड़कों पर नजर नहीं आएंगे। नगर परिषद ने शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्ति दिलाने के लिए अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में चरखी दादरी के उपायुक्त ने 31 अगस्त तक पशु पकड़ने के लिए डेडलाइन निर्धारित की है। शुक्रवार को उपायुक्त मुनीश शर्मा ने नगर परिषद अधिकारियों को बैठक में निर्देश दिए। निगरानी के लिए शहर के सभी एंट्री प्वाइंट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ताकि शहर में आने व जाने वाले वाहनों का रिकार्ड सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हो सके। ज्ञात रहे कि दादरी शहर की सड़कों पर सैकड़ों बेसहारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। पिछले दो महीनों में पशुओं के कारण आधा दर्जन हादसे हो चुके हैं। लोग लगातार पशुओं को पकड़ने की गुहार लगा रहे थे।

वहीं भिवानी में विगत में आवारा पशु पकड़ने के अभियान का श्रीगणेश हुआ था। अभी तक शहर से करीब 200 से ज्यादा आवारा पशुओं को पकड़कर नंदीशाला में छोड़ा जा चुका है। रोजाना नगरपरिषद शहर की सड़कों पर घुम रहे आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चला रही है। जल्द ही भिवानी शहर को भी आवारा पशु मुक्त शहर बनाया जाएगा। नगर परिषद के आंकड़ों के अनुसार दादरी शहर में 350 बेसहारा पशु हैं, जो दिनभर सड़कों पर घूमते हैं। नप अधिकारियों ने दावा किया कि 190 बेसहारा पशुओं को काबू कर गोशाला छोड़ा जा सकता है। बाकी पशुओं को 31 तारीख तक पकड़कर काबू कर लिया जाएगा। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने नगर परिषद अधिकारियों को बेसहारा पशु पकड़ने के 31 अगस्त का समय दिया है। उपायुक्त ने बताया कि सरकार की ओर से 31 अगस्त तक का समय निर्धारित किया गया है। नगर परषिद सुनिश्चित करें कि दादरी शहर में बेसहारा पशु पकड़ने के लिए चलाया जा रहा अभियान तेज हो और शहर से निर्धारित अवधी में सभी बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ा जाए।

**निर्धारित समय से पहले शहर होगा पशु मुक्तः** नप चेयरमैन बक्शी राम सैनी ने कहा कि हमें 31 का वक्त मिला है। हमारा प्रयास है कि 31 से पहले ही शहर से बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में छोड़ा जाएगा। शहर पूरी तरह से बेसहारा पशुओं से मुक्त होगा।



भिवानी। भिवानी में आवारा पशुओं को वाहन से नंदीशाला में ले जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सड़कों पर हरा चारा न डालेः भवानी प्रताप

नगरपरिषद की चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने लोगों से सड़कों पर हरा चारा न डाले जाने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि हरा चारा काटने वाली मशीन संचालक आवारा पशुओं के लिए सड़कों पर ही हरा चारा डाल देते है। चारा खाने के लिए आवारा पशु आते है। जिस वजह से आए दिन सड़कों पर दुर्घटना घटने का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर किसी को पशुओं को हरा चारा डालना है तो वे गौशाला या नंदीशाला में जाकर चारा डाले। इससे पुण्य भी मिलेगा और दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने पशुपालकों से कहा कि वे पशुओं को शहर की सड़कों पर न छोड़े। कई पशुपालक गाय का दूध निकालने के बाद सड़कों पर छोड़ देते है। जिससे सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं का कारण बन रहे है।

### निजी पशु घूमता मिला तो मालिक को नहीं मिलेगा

उपायुक्त ने कहा कि कुछ लोग पशुओं को खुला छोड़ देते हैं। अब अगर किसी ने पशु खोला तो काबू कर गोशाला भेजा जाएगा। ऐसे पशुओं को भी पकड़ और उन्हें दोबारा मालिक को ना सौंपा जाएगा। 31 अगस्त के बाद शहर में अगर बेसहारा पशु दिखते हैं तो नगर परिषद इसके लिए जिम्मेदार होगा। बेसहारा पशुओं को दादरी शहर में छोड़ने वालों की निगरानी के लिए शहर के सभी एंट्री प्वाइंट पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाएं।

### गंदगी फैलाने वाली अवैध डेरियों पर कार्रवाई होगी

उपायुक्त ने नगर परिषद सचिव को निर्देश दिए कि शहर में अवैध तौर पर संचालित डेयरियों पर कार्रवाई करें और साथ ही गंद फैलाने के लिए उन पर जुर्माना भी लगाएं। ऐसे डेयरी पर 50 हजार रूपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डेयरियों के मालिक अवैध रूप से गोबर और गंदगी को कहीं भी डाल रहे हैं, जिसके कारण सीवर व नालियों रुक जाती हैं और उसका नुकसान आम लोगों को उठाना पड़ता है। ऐसे में डेयरियों पर कार्यवाही के अलावा कोई विकल्प नहीं बच जाता है।

# राष्ट्रवादी परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष ने उठाई पशुओं के प्रबंधन की मांग

■ प्रदेश की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या गंभीर चिंता का विषय : प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राष्ट्रवादी परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष लीलाराम प्रजापति ने जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से बेसहारा पशुओं के प्रबंधन के लिए तत्काल व प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। प्रजापति ने कहा कि सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या गंभीर चिंता का विषय है, जिसकारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रजापति ने कहा कि ये बेसहारा पशु विशेषकर सांड अक्सर सड़क के बीचों-बीच बैठे रहते हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है।

उन्होंने बताया कि इन पशुओं के कारण कई बार गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें न केवल नागरिक अपनी जान गंवा चुके हैं, बल्कि पशु भी बुरी तरह घायल हो जाते है। प्रजापति ने कहा कि सांडों की आपस में लड़ाई के कारण लोगों के घायल होने और संपत्ति के लाखों रुपये के नुकसान की खबरें लगातार सामने आती रही हैं। उन्होंने सरकार और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उक्त समस्या को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है, जबकि ये सीधे तौर पर नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। प्रजापति ने कहा कि इस समस्या का समाधान केवल पशुओं को पकड़कर किसी गौशाला में छोड़ने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसके लिए स्थायी व समग्र नीति बनाई जानी चाहिए। उन्होंने पशु मालिकों पर भी लगाम लगाने की बात कही, जो अपने पशुओं को दूध देना बंद करने के बाद खुले में छोड़ देते हैं।

प्रजापति ने कहा कि ऐसे पशु मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि समस्या जड़ से खत्म हो सके। इस अवसर पर संतोष, रश्मि, खुशी, यशवी, अरमान तंवर, नरेश स्वामी, कृष्ण व अमित मौजूद रहे।

### स्वर्णकार सेवा परिषद का प्रतिभा सम्मान समारोह कल, मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा

**भिवानी।** समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने व अन्य युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने को प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वर्णकार सेवा परिषद द्वारा 24 अगस्त को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यतिथि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से अधिवक्ता नितिन वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि परिषद के दादरी प्रधान रामअवतार सोनी शिरकत करेंगे। संस्था के प्रधान हरिचरण वर्मा व महासचिव अधिवक्ता कुलदीप सोनी ने बताया कि सम्मान समारोह में 10वीं, 12वीं, स्नातक व स्नातकोत्तर के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। 10वी व 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों तथा स्नातक व स्नातकोत्तर में 65 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को मेडल दिलाने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अन्य किसी क्षेत्र में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों ओर समाज के अन्य समाजसेवी सदस्यों का भी विशेष तौर पर सम्मान होगा।

# गाड़ी और फोन छिनने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सदर थाना पुलिस ने कैंटर गाड़ी व मोबाइल फोन छिनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मनोज निवासी सवाई पाना कलिंगा ने थाना सदर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह आईसर कैंटर का चालक है और नजफगढ़ से गाड़ी में प्लास्टिक दाना डालकर भिवानी के लिए चला था जो रात करीब 12:00 बजे कलिंगा मोड़ से गांव की तरफ जाते हुए रास्ते में दो लड़कों के द्वारा शिकायतकर्ता की गाड़ी व एक मोबाइल फोन को आरोपी छिन कर ले गए थे। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सदर भिवानी में दर्ज किया था। अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना सदर भिवानी के सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने कैंटर गाड़ी व मोबाइल फोन छीनने के मामले में दो आरोपियों को बस अड्डा पिलाना से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अमित पुत्र ओम प्रकाश निवासी बौंद कला जिला चरखी दादरी व जितेंद्र पुत्र मातूराम निवासी खरक खुर्द जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा अभियोग में छिनी गई गाड़ी व मोबाइल फोन को बरामद किया जा चुका है। आरोपी अमित पशु व्यापारी है वही जितेंद्र मजदूरी का काम करता है दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में किया गया।



भिवानी। पैसे छीनने के आरोपी पुलिस हिरासत में। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षकों पर होने वाली हमलों की घटनाएं समाज के लिए गंभीर खतरा : सुमेर आर्य

■ अध्यापक संघ ने की निंदा, प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

**भिवानी।** ढाणा लाडनपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक हिंदी के प्रवक्ता शिवकुमार पर हुए जानलेवा हमले से पूरे शिक्षक समुदाय में रोष है। इस घटना की हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने कड़ी निंदा की है और समाज व प्रशासन से इस पर तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। यह घटना तब हुई जब शिक्षक शिवकुमार ने छात्र को शरारत करने पर टोका। एक छात्र ने शिकायत की कि दूसरे छात्र ने उस पर बैग फेंका। इस पर शिवकुमार ने आरोपी छात्र को समझाया और कहा कि अगर उसे पढ़ना नहीं है तो वह नाम कटवाकर स्कूल से सर्टिफिकेट ले जा सकता है। अध्यापक शिवकुमार छात्र को लेकर प्रधानाचार्य के पास गए। छात्र ने कहा कि उसका नाम काट दिया जाए और वह बाहर चला गया। लेकिन कुछ ही देर बाद वह वापस आया और लोहे के पंच से शिक्षक पर हमला कर दिया। हमले में शिक्षक शिवकुमार के सिर में गंभीर चोटें आईं और उन्हें तुरंत भिवानी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला सचिव सुमेर आर्य, जिला वरिष्ठ उपप्रधान अंजू देवी, खंड प्रधान संजय गौरीपुर और खंड प्रधान सुनीता ने अस्पताल पहुंचकर शिक्षक का हाल जाना। उन्होंने इस तरह की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ये समाज के लिए एक गंभीर खतरा हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इन अपराधों को नहीं रोका गया तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य और देश का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।





## प्राध्यापक को सामान्य अस्पताल भिवानी में दाखिल करवाया

# अध्यापक पर हमले के आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर हसला ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ विद्यालय प्राचार्य सतीश कुमार ने पुलिस और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए लिखा।

ढाणा लाडनपुर के सीनियर सैकेंडरी स्कूल के हिंदी प्राध्यापक शिव कुमार पर छात्र ने लोहे के पंच से हमला कर प्राध्यापक को गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया। छात्र को शरारत करने से रोका तो उसने हमला किया, जिसमे प्राध्यापक को सिर में गंभीर चोट आई। इस पर विद्यालय प्राचार्य सतीश कुमार ने 112 डायल किया और प्राध्यापक को सामान्य अस्पताल भिवानी में दाखिल करवाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है इसके बाद प्राचार्य ने पुलिस और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए लिखा।

सूचना मिलने पर हसला जिला प्रधान महेंद्र मान और खंड प्रधान अशोक पहल ने संगठन के पदाधिकारी, प्राध्यापकों प्रवेश गौतम, रामधन शास्त्री, श्यामसुन्दर सांगवान के साथ हमले की जानकारी ली और इस घटना की निंदा की है। खंड प्रधान अशोक पहल के नेतृत्व मे सभी प्राध्यापक साथियों ने खंड शिक्षा अधिकारी भिवानी डा. अनिल गौड़ को ज्ञापन सौंपा और दोषी और शरारती तत्वों के साथ सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग उच्च अधिकारियों से की है, ताकि भविष्य मे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और अध्यापकों की गरिमा और सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस घटना पर हसला और दूसरे संगठनों के पधाधिकारीयों ने रोष प्रकट किया और घटना की कड़ी निंदा की निंदा करने वालों में जिला महासचिव राजीव वत्स, शिव कुमार शर्मा, राजपाल नागर, राकेश रोहिल्ला, अजेंद्र शर्मा, जीतेन्द्र शास्त्री, हरेंद्र पूनिया, अनेश कुमार, सुभाष आदि मौजूद रहे।



भिवानी। आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि



# सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।



## लाइफ Style

# कृति
## वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

मुंबई।कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।



# एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



# टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है। टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



# अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

## गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के ज़रिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।



# दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

# एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी



**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।'इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।



## जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

# वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

## खबर संक्षेप

### देशराज शर्मा का निधन लोगों ने जताया शोक

**लोहारू।** ढाणी श्यामा के 92 वर्षीय समाजसेवी देशराज शर्मा का गत दिवस हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव ढाणी श्यामा में किया गया। उनके निधन पर पूर्व सरपंच मांगेराम शर्मा, पूर्व सरपंच लोकराम शर्मा, द्वारका प्रसाद शर्मा, लोहारू श्री ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व प्रधान रामकिशन टीकेवाला, पुरुषोत्तम लाल गौतम, प्रहलाद राय शर्मा, रामअवतार शर्मा सहित अनेक सामाजिक संगठनों के लोगों ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है।

### 38वें दिन भी जारी रहा किसानों का महापड़ाव

**लोहारू।** विभिन्न किसान मांगों को लेकर स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में चल रहा किसानों का अनिश्चितकालीन महापड़ाव शुक्रवार को 38वें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को धरने की अध्यक्षता मनदीप, मनोज, मा. हवासिह व देवेंद्र ने संयुक्त रूप से की। जबकि धरने का संचालन पृथ्वी ङ्कषसह गोठड़ा और धर्मपाल बारवास ने की। रामपाल सिंघानी ने कहा कि सरकार ने कच्ची कपास के आयात पर 11 प्रतिशत की छूट देकर देश के किसानों के साथ धोखा किया है। जबकि सूती कपड़े का बड़ा उत्पादक भारत देश है लेकिन अमेरिका ने सूती कपड़े पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर भारतीय व्यापारियों पर दोहरी मार की है।

### निजी ऋण योजना बनाएगी महिलाओं को आत्मनिर्भर

**चरखी दादरी ।** सरकार द्वारा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से एक लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत 1.80 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले परिवार और हरियाणा की स्थाई निवासी महिला को योजना का लाभ दिया जाएगा। आवेदन के समय महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है और आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर न हो।

### उपायुक्त ने लापरवाह अफसरों को लताड़ा

**चरखी दादरी ।** नागरिकों की शिकायतों को लेकर लचर रवैया अपनाने वाले जिला के अधिकारियों के खिलाफ निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। शिकायतों के समाधान के लिए किए गए कार्य को लेकर संबंधित अधिकारी की एसीआर में भी दर्ज किया जाएगा। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने समीक्षा बैठक में शिकायतों को लंबित रखने वाले अधिकारियों की क्लास लगाई। जिला के नागरिकों द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर की गई शिकायतों की शुक्रवार को उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाली प्रत्येक शिकायत का निपटारा एक हफ्ते में होनी चाहिए। अगर किसी शिकायत का मामला योजना या मुख्यालय से संबंधित है तो उसकी विस्तृत रिपोर्ट दी जाए।

### ताऊ देवीलाल जयंती के लिए इनेलो ने कसी कमर

**बाढ़ड़ा।** भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री स्वर्गीय ताऊ देवीलाल की जयंती पर 25 सितंबर को होने वाली रैली के लिए इनेलो ने कमर कस ली है और 31 अगस्त को इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला दादरी व बाढ़ड़ा में पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे । उनके आगमन को देखते हुए 24 अगस्त को इनेलो की दादरी में जिला स्तरीय बैठक होगी। ये बात इनेलो के चरखी दादरी व बाढ़ड़ा प्रभारी एवं पूर्व चेयरमैन विजय पंचगांवा ने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान ग्रामीणों को देवीलाल जयंती व अभय चौटाला के दौरे का न्योता देते हुए कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। भाजपा सरकार से परेशान जनता पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के राज को याद करती है।

### किसान नेता हड़ौदी सरकार पर जमकर बरसे

# बाढ़ड़ा में बीमा क्लेम मुआवजे को लेकर धरने पर बैठे किसानों ने जताया रोष

- किसानों के धैर्य की ली जा रही है परीक्षा : विजेंद्र बेरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा



**भिवानी।** कस्बे की अनाजमंडी में बकाया मुआवजे की मांग को लेकर दिए धरने पर रोष जताते किसान। फोटो : हरिभूमि

बाढ़ड़ा की अनाजमंडी में किसानों का बीमा क्लेम मुआवजे को लेकर धरना लगातार जारी है। अपनी फसल के नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर एकत्रित हुए किसानों ने प्रशासन और सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। धरने को की अध्यक्षता ओमप्रकास खोरड़ा ने की। धरने को संबोधित करते हुए श्योराण खाप के प्रधान विजेंद्र बेरला ने कहा कि किसानों के धैर्य की परीक्षा ली जा रही है, जो अब बर्दाश्त के बाहर हो चुकी है।

बेरला ने सरकार से तुरंत मुआवजे की राशि जारी करने की मांग की और कहा कि किसान हितैषी होने का दिखावा करने वाली सरकार को धरने पर बैठे किसान नहीं दिखाई दे रहे हैं। किसानों के साथ 350 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम कंपनी ने नहीं दिया वो सरकार की मिलीभगत के संभव नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकार किसान को कमजोर न समझे। किसानों ने कई बार सिद्ध किया है कि वो अपनी मांगों से कभी पीछे नहीं हटते।

किसान नेता राजकुमार हड़ौदी ने सरकार को किसान विरोधी बताया और कहा कि सरकार केवल झूठे वायदे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कोसों दूर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए और एकजुट होकर सरकार से अपने हक की मांग की। किसानों ने ये भी स्पष्ट किया कि जब तक मुआवजा नहीं मिलेगा, धरना लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर भूपसिंह धारणी, मास्टर रघुबीर काकडोली, पारस काकड़ोली, नरेश कादयान, ब्रह्मपाल, प्रताप हंसावास, रणधीर हुई, कर्णसिंह, सत्यवान श्योराण आदि मौजूद रहे।



### मूलभूत सुविधाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**चरखी दादरी ।** एमसी कॉलोनी में जलभराव और सीवर समस्या को लेकर रेजिडेंशियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त से मुलाकात की। उपायुक्त ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। मास्टर रविंद्र वशिष्ठ ने बताया कि एमसी कालोनी में लंबे समय से जलभराव और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या बनी रहती है। सीवर लाइन जाम होने के कारण गंदा पानी घरों में घुस जाता है। बरसात के दिनों में कालोनी के हालात अधिक विकट हो जाते हैं। वेदपाल ठेकेदार ने बताया कि कालोनी के लोग वर्षों से समस्या से जूझ रहे हैं। नगर परिषद द्वारा सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बरसात के समय कॉलोनी तालाब का रूप ले लेती है और सीवर का गंदा पानी घरों में भर जाता है, जिससे लोग परेशान हैं। चारों तरफ गंदगी, दुर्गंध व दूषित पानी खड़ा रहता है। इस मौके पर पूर्व विधायक रणसिंह मान, राजू मान, रामफल जाखड़, सतीश मराठा, सुनील भारद्वाज, दलवीर सांगवान, रामचंद्र पूनिया, जगबीर जाखड़, मास्टर सतबीर सांगवान, डॉ. विजय वशिष्ठ, प्रकाश श्योराण, रविंद्र श्योराण, मास्टर अशोक सांगवान, बबलू कासनी, योगेश सांगवान, रामरति, मनीता व कैप्टन रतन सिंह श्योराण आदि थे।



**भिवानी।** कारीधारणी में पौधरोपण करते स्कूली बच्चें व अध्यापक।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- पर्यावरण संरक्षण में भी हमारी बेटियां लेती हैं बढ़ चढ़कर भाग : फौगाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कारीधारणी कि अंडर 14 व 17 आयुवर्ग की खो खो टीम की लड़कियों ने खंड समन्वयक सुंदरपाल फौगाट के नेतृत्व में पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। फौगाट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में छात्रों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। छात्र, शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ा सकते हैं, स्थायी आदतों को अपना सकते हैं और सक्रिय रूप से पर्यावरण संरक्षण में योगदान कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि न केवल अपने लिए, बल्कि समुदाय और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ वातावरण बनाने में सहायक हो सकते हैं। पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना पर्यावरण की रक्षा हमारे भविष्य की सुरक्षा है। रामचंद्र पीटीआई ने बताया कि हमारी अंडर 14 व 17 आयुवर्ग टीम की बेटियों ने खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था और पर्यावरण संरक्षण में भी हमारी बेटियां बढ़ चढ़कर भाग लेती है। रामचंद्र पीटीआई ने बताया कि छात्र पर्यावरण के मुद्दों, जैसे जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, और जैव विविधता हानि के बारे में सीख सकते हैं। वे दूसरों को भी इन मुद्दों के बारे में शिक्षित कर सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा सकते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व बीडीसी हनुमान, संदीप डीपीई बाढ़ड़ा, मुरारीलाल पीटीआई गोपी, मनीष कुमार पीटीआई भांडवा, डॉ. मनोज, बबीता, प्रवक्ता उमेश, अनिल व शमशेर सिंह आदि उपस्थित थे।

## तनिष्क में शुरू हुआ फेस्टिवल ऑफ डायमंड अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ज्वेलरी की दुनिया का विश्वसनीय नाम तनिष्क "फेस्टिवल ऑफ डायमण्ड" लेकर आया है। इस खास अवसर पर ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी पर शानदार ऑफर्स और विशेष छूट दी जा रही है। शादी-ब्याह की तैयारियों से लेकर गिफ्टिंग और सेल्फ-शॉपिंग तक, हर ज़रूरत के लिए यह फेस्टिवल ग्राहकों को बेहतरीन विकल्प प्रदान करता है।

### ऑफर सीमित समय के लिए

भिवानी स्टोर मैनेजर ने बताया कि इस फेस्टिवल में चुनिंदा डायमंड ज्वेलरी पर आकर्षक स्कीम और डिस्काउंट का लाभ उठाया जा सकता है। ऑफर सीमित समय के लिए है, ऑफर की अंतिम तिथि नज़दीक है, इसलिए मौका हाथ से जाने से पहले ग्राहक जल्द से जल्द नज़दीकी तनिष्क शोरूम पर विजिट करके इस सुनहरे मौके का फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गहनों के शौकीनों और शादी-ब्याह की तैयारियों में जुटे लोगों के लिए यह ऑफर बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। इस ऑफर में डायमंड ज्वेलरी पर विशेष डिस्काउंट और कई तरह के आकर्षक लाभ भी दिए जा रहे हैं।



### भाजपा के 6 मंडलों की बैठकें आज से

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी में संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से 23 अगस्त को भिवानी जिले के 6 मंडलों में अलग-अलग बैठकें आयोजित करेगी। इन बैठकों का उद्देश्य ना केवल कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराना है, बल्कि जमीनी स्तर पर पार्टी की पहुंच को और गहरा करना भी है। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जिला प्रभारी रेणु डाबला विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगी, जो कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगी। जिला अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना है। बैठकों में भाजपा के आगामी कार्यक्रमों और पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को नया प्रोत्साहन

- अंचल अस्पताल में अनन्या शगुन योजना के तहत मां-बेटी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** बेटी का जन्म होने पर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंचल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल एवं मेटरनिटी सेंटर की अनन्या बेटी शगुन योजना ने एक बार फिर से बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ की भावना को बढ़ावा दिया है।

हाल ही में, गांव सुई के सरपंच रवि और उनकी पत्नी संगीता ने अपनी बेटी के जन्म पर अस्पताल की इस योजना का लाभ उठाया। बेटी की दादी सुरेश देवी और नानी बीना देवी भी इस पहल से प्रसन्न हुईं और उन्होंने खुद इस चीज को बढ़ावा देने में सहयोग किया। हॉस्पिटल ने बेटी को शगुन के रूप में 1100 रुपये, मिठाई और तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया और परिवार स्वयं अपनी बेटी के लिए गाड़ी सजाकर लेकर आया और समाज के लिए एक मिसाल बना ताकि सभी लोग अपनी बेटी के जन्म का स्वागत करें। अंचल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल एवं मेटरनिटी सेंटर की अनन्या बेटी शगुन योजना के तहत अब तक 9000 से ज्यादा लड़कियों को सम्मानित किया जा चुका है। इस अस्पताल के संचालक डॉ विनोद अंचल व डॉक्टर अनीता अंचल भी इस पहल से बहुत प्रसन्न दिखाई दिए।



**भिवानी।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया का स्वागत करते अधिवक्ता।

### अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया का किया स्वागत, दी बधाई

**भिवानी।** न्यायालय परिसर में शुक्रवार को कांग्रेस के नवनियुक्त शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी का अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर और लड्डू खिलाकर गुलिया को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। शहरी जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार कोर्ट पहुंचे प्रदीप गुलिया का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में अधिवक्ता एकत्रित हुए। अधिवक्ताओं ने गुलिया के सम्मान में फूल मालाओं की बारिश की और उनके समर्थन में नारे भी लगाए। सभी ने प्रदीप गुलिया को शुभकामनाएं दी और उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद जताई।इस सम्मान से अभिभूत होकर प्रदीप गुलिया जोगी ने सभी अधिवक्ताओं का आभार जताया। गुलिया ने कहा कि न्याय के प्रहरी के रूप में अधिवक्ताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे अधिवक्ताओं की हर समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और उनके हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। गुलिया ने कहा कि उनका उद्देश्य कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना और आमजन से जुड़े मुद्दों को उठाना है। इस अवसर पर धीरज सिंह, कुलवंत कोंटिया, विरेंद्र सिवाच, मनदीप, ब्रह्मानंद, रघुवीर रंगा, सुरेश मेहरा, रणजीत सिंह बामला, मुकेश जांगड़ा, कमल प्रधान, देवेंद्र सोढी, राकेश पंवार, अंजूबाला अत्री, सुधीर खनगवाल, पवन गौतम, मंगेज तंवर, मनोज तंवर, कृष्ण मलिक, हरेंद्र भालोठिया आदि मौजूद रहे।

## बिना तैयारियों के थोपी गई जीएसटी ने एमएसएमई को किया बर्बाद : बुवानीवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस उद्योग सैल के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने कहा कि ने कहा कि 8 वर्ष पहले मोदी सरकार द्वारा बिना तैयारियों के थोपी गई जीएसटी ने भारत के सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ता एमएसएमई को कुचलकर रख दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का जीएसटी कोई टैक्स रिफॉर्म नहीं है बल्कि यह आर्थिक अन्याय और कॉर्पोरेट भाई-भतीजावाद का एक क्रूर साधन है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया था। उन्होंने कहा कि जीएसटी के कारण भारत के सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ता एमएसएमई को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा है। आठ साल पहले जीएसटी लागू होने के बाद से 18 लाख से अधिक उद्यम बंद हो गए हैं। लोग अब चाय से लेकर स्वास्थ्य बीमा तक हर चीज पर जीएसटी का भुगतान करते हैं, जबकि कॉरपोरेट सालाना 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर छूट का आनंद ले रहें है। बुवानीवाला ने कहा कि पेट्रोल और डीजल को जानबूझकर जीएसटी ढांचे से बाहर रखा गया है, जिससे किसानों, ट्रांसपोर्टरों और आम लोगों को नुकसान हो रहा है। जीएसटी बकाया को गैर-भाजपा शासित राज्यों को दंडित करने के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जो मोदी सरकार के संघीय-विरोधी एजेंडे का स्पष्ट प्रमाण है।उन्होंने कहा कि देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 8 साल पहले ही जीएसटी की सिर्फ दो दरें तय करने का सुझाव दिया था, लेकिन सत्ता के अहंकारी प्रधानमंत्री ने इसे नजरअंदाज कर गलत तरीके से लागू किया था।

### उत्पीडन का स्रोत



कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की जनता से 'गुड एंड सिंपल टैक्स' का वादा किया गया था लेकिन इसके विपरीत मोदी सरकार द्वारा भारत को फाइव स्लैब टैक्स रिजीम की व्यवस्था मिली, जिसमें 900 से अधिक बार संशोधन किया गया है। यहां तक कि कारमेल पॉपकॉर्न और क्रीम बन भी इसके भ्रम के जाल में फंस गए हैं। उन्होंने कहा कि नौकरशाही की भूलभुलैया बड़े कॉरपोरेट्स के पक्ष में है, जो एकाउंटेंट की सेना के साथ इसकी खामियों को दूर कर सकते हैं, जबकि छोटे दुकानदार, एमएसएमई और आम व्यापारी लालफीताशाही में डूबे हुए हैं। जीएसटी पोर्टल लागू होने के 8 साल बाद भी उत्पीडन का स्रोत बना हुआ है।

## पूर्व विधायक और पूर्व ईटीओ के भाई राजू परमार का निधन, लोगों ने शोक जताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व विधायक शशिरंजन परमार के बड़े भाई एवं पूर्व ईटीओ सुरेंद्र परमार के छोटे भाई गांव ढाणी चांग निवासी राजू परमार का बीते 19 अगस्त को निधन हो गया, वे करीब 73 वर्ष के थे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। खेती-बाड़ी का काम करने वाले राजू परमार अपने सरल और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते थे। राजू परमार के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए अनेक राजनेताओं, अधिकारियों, समाजसेवियों व ग्रामीणों ने उनके पैतृक निवास स्थान पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और परिजनों को सांत्वना दी। उनके निधन पर पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी, पूर्व विधायक जगजीत सिंह सांगवान, पूर्व विधायक रामबीर सिंह, पूर्व विधायक तेजबीर पुंडरी, पूर्व चेयरमैन दलीप सिंह, सुरेश परमार, पूर्व सरपंच रणबीर, प्रदीप नरवाल, डॉ. मनोज, अजीत सांगवान कमल नंबरदार व मोनू दिनोद आदि शामिल थे। सभी ने राजू के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया और उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।



### पांच दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**बवानीखेड़ा।** राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम के आदेशों के अनुपम में जिला भिवानी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भिवानी में डायट प्राचार्य वीरेंद्र सिंह नारा की अध्यक्षता में एवं मोनिका प्रभारी डाइट भिवानी की देखरेख में भिवानी जिले के विभिन्न विभिन्न खंड से चार विषयों गणित इतिहास राजनीति शास्त्र एवं रसायन शास्त्र के कुल 168 प्रवक्ताओं के लिए तीन चरणों में आयोजित होने वाले क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। व्यवस्था के लिए साथ में एबीआरसी भारत यादव, अनीता और सुमन ने अपनी अहम भूमिका अदा की वहीं सभी प्रवक्ताओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रवक्ताओं को नवीन ज्ञान कौशल एवं कार्य कुशलता से सशक्त करना है ताकि वे अपने क्षेत्र में अत्यधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें इससे एक शिक्षक को अपने शिक्षण कौशल में सुधार करने के साथ-साथ विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी इसमें डाइट से प्रवक्ता नीरज सुपर्णा एवं विवेक कुमार उपस्थित होकर उपस्थिजनों में जोश भरने का कार्य किया। बतौर मास्टर ट्रेनर नवल किशोर, मुकेश कुमार, आशीष भारद्वाज, आशा, रॉकी, गौरव, दीपिका, भावना अमन, शशिकांत और राजेंद्र ने भूमिका निभाई।

**ग्राम सभा** निमड़ीवाली में ग्राम सभा में किया हकों को लेकर जागरूक

## मजदूरों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था ग्राम सभा का उद्देश्य : सरपंच

- संदीप कुमार ने मजदूरों को उनके कानूनी अधिकारों और हकों के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



गांव निमड़ीवाली में शुक्रवार को वर्ष 2024-2025 के वित्तीय कार्यों का सोशल ऑडिट करने के लिए एक महत्वपूर्ण ग्राम सभा का आयोजन किया गया। यह बैठक सिर्फ एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं थी, बल्कि मजदूरों के हकों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुई। ग्राम सभा की शुरुआत में सरपंच कोमिला कुमारी ने मजदूरों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए एक विस्तृत एजेंडा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस सोशल ऑडिट का मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता लाना और यह सुनिश्चित करना है कि मनरेगा जैसी योजनाओं के तहत मजदूरों को उनके काम का उचित और समय पर भुगतान मिले।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से ना केवल मजदूरों में जागरूकता बढ़ती है, बल्कि उन्हें यह भरोसा भी मिलता है कि उनके अधिकारों की रक्षा की जा रही है। बैठक में उपस्थित बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) पिंकी और वीआरपी (विलेज रिसोर्स पर्सन) संदीप कुमार ने मजदूरों को उनके कानूनी अधिकारों और हकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा सकते हैं और किसी भी तरह की अनियमितता या शोषण के खिलाफ शिकायत कर सकते हैं।

इस सोशल ऑडिट का संचालन सोशल ऑडिट यूनिट, चंडीगढ़ के दिशा-निर्देशों के तहत किया गया, जिसका नेतृत्व डायरेक्टर जसप्रीत कौर ने किया। उनकी देखरेख में ग्राम पंचायत के अधिकारियों और मजदूरों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे कई मुद्दों का समाधान तुरंत निकाला गया। बैठक में एबीपीओ राजकुमारी, बीएफटी रोशन लाल, वीआरपी मंजू रानी और वीआरपी कांता देवी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना ऑनलाइन आवेदन से आसान हुई प्रक्रिया : रवि मीणा

**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना चलाई जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता के रूप में सहयोग करना है। एसडीएम ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक को अपनी बेटी के विवाह के बाद 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है। आवेदक पोर्टल पर जाकर विवाह पंजीकरण और मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते है। सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक प हुं चा ना जि ला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं ।

**सूचना**

मैं, पृथ्वी सिंह पुत्र मंगतु राम निवासी वार्ड नंबर-2, पुराना बाजार लोहारू, तहसील लोहारू, जिला भिवानी (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नरेन्द्र कुमार व पुत्रवधु चिंकी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### खरीफ फसलों का पंजीकरण जरूरी

**चरखी दादरी।** जिला के जो किसान खरीफ फसलों की बुवाई कर चुके हैं, वे अपनी फसल का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अवश्य करवाएं। सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली फसल केवल उन्हीं किसानों से खरीदी जाएगी।

### रामायण और महाभारत लिखित प्रश्नोत्तरी 31 को

**भिवानी।** शहर की सामाजिक संस्था श्री श्याम प्रीत मंडल ट्रस्ट द्वारा गत वर्षो की भांति जिला विद्यालय स्तरीय रामायण महाभारत पर आधारित लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा 31 अगस्त रविवार को होनी निश्चित हुई। ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज भरतवाल ने बताया कि श्री श्याम प्रीत मंडल ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष रामायण महाभारत पर आधारित लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन जिला स्तर पर 31 अगस्त रविवार को परीक्षा केंद्र लिटिल हार्ट्स पब्लिक स्कूल में आयोजन होगा।

### हर जीव को मिले बराबर का अधिकारः डॉ. लोकेश

**भिवानी।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा कुत्तों से संबंधित हालिया निर्णय का स्वागत करते हुए पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ. लोकेश भिवानी ने कहा कि ये फैसला न केवल मानव और जानवरों के बीच संतुलन को सुनिश्चित करेगा, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देगा।

### विज्ञापनों पर पानी की तरह पैसा बहा रही सरकार

**बाढ़ड़ा।** श्रमिक क्षेत्रों में सरकार मनमानी से गलत व भ्रष्टाचार बढ़ाने वाले फैसले लागू कर रही है, लेकिन अब मजदूर अपने हकों के लिए चुप नहीं बैठेगा। अपने हक बहाली तक निर्माण मजदूर आंदोलन जारी रखेंगे, ये बात भवन निर्माण कामगार यूनियन संबंधित सीटू के जिला संयोजक सुमेर सिंह ने क्षेत्र के दौरे के दौरान श्रमिकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अखबारों में बड़े बड़े विज्ञापन देकर मजदूरों को लाभ दिए जाने का झूठा प्रचार कर रहे है, जबकि सच्चाई ये हैं कि दो महीने से निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड की ओर से मिलने वाले लाभ पर प्रदेश सरकार ने अघोषित रोक लगा रखी है।

## भीम स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं शुरू

# अंडर-17 आयु वर्ग की वॉलीबॉल में कैरू ने लोहारू व अंडर-19 बहल ने सिवानी को हराया

चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता में 28 इवेंट्स में दो हजार के लगभग खिलाड़ी ले रहे है भाग, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का मौका देती है खेल प्रतियागिताएं : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

खेल हब भीम स्टेडियम में शुक्रवार से चार दिवसीय अंडर-17 और 19 आयु वर्ग की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शानदार आगाज हुआ। प्रतियोगिता में लगभग 28 विभिन्न खेलों में 2 हजार से अधिक युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, उप जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर व एईओ श्रीभगवान ने किया। ये प्रतियोगिताएं कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, कुश्ती, तीरंदाजी और शूटिंग जैसे 28 इवेंट्स में आयोजित हो रही हैं। उद्घाटन समारोह में उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए शिक्षा और खेलों के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि खेल ना सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व जैसे गुण भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ खेलने और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवा खिलाडियों को अपनी प्रतिभा को निखारने और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का एक सुनहरा मौका प्रदान कर रहा है। भिवानी जो पहले से ही भारत में खेलों का एक प्रमुख केंद्र है, इस तरह के आयोजनों से अपनी प्रतिष्ठा को और भी मजबूत कर रहा है।



भिवानी। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के हाथ मिलवा कर बाऊट शुरू करवाते हुए।

### प्रतियोगिता का समापन 26 अगस्त को होगा

प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलदीप महला ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन 26 अगस्त को होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जिला भर के डीपीई, पीटीआई व शारीरिक प्रवक्ता का सराहनीय योगदान है। कुलदीप महला ने बताया कि अंडर-17 आयु वर्ग की बॉलीबॉल प्रतियोगिता में कैरू ने लोहारू को हराकर फाईनल में प्रवेश किया तथा अंडर-19 आयु वर्ग में बहल ने सिवानी को रोचक मुकाबले में हराया। वही कबड्डी में सिवानी ने लोहारू को 29-22 के रोचक मुकाबले में हराया। अंडर-19 आयु वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में बवानीखेड़ा ने भिवानी को हराकर फाईनल में प्रवेश किया तथा अंडर-17 आयु वर्ग में सिवानी ने भिवानी को हराकर फाईनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में कन्वीनर की भूमिका में कोच सत्यवान, जोगेंद्र, राजेश्वर, अनिल सांगवान, प्रदीप श्रीपाल, सुधीर मलिक, राजेश सिवाच, सतेंद्र, पवन फौगाट, लाजपत, सतपाल, सोमदत्त, अजीत, जयवीर, सुशील, जगबीर, बबीता, मनोज, बलवान, जगदीश चंद्र, सुखदेव, मदन गोपाल, अमित, अरविंद, विनोद, सुनील, गजानंद रहे।




भिवानी। प्रतियोगिता में योगा करते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि



भिवानी। वॉलीबाल में शॉट लगाते हुए। फोटो: हरिभूमि



बाढ़ड़ा। हिंदौखला धाम में समाजसेवी महादेव बलाली को सम्मानित करते अतिथि।

## हिंदौखला धाम में जागरण और भंडारा

- समाजसेवी महादेव बलाली की सक्रिय भागीदारी ने बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढ़ड़ा

क्षेत्र के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र हिंदौखला धाम में शुक्रवार को भव्य जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसने श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने न केवल धार्मिक उत्साह को चरम पर पहुंचाया, बल्कि आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों की सशक्त मिसाल भी बना। दिनभर चले आयोजन में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां भजन, कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जागरण में देशभर से आए कलाकारों ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। इस विशेष अवसर पर समाजसेवी एवं जनमानस सहायता फाउंडेशन के संयोजक महादेव बलाली ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। महादेव ने न केवल मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित कर धार्मिक एकता और समाजसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला, बल्कि भंडारे में स्वयं सेवा कार्य कर युवाओं को प्रेरणा भी दी। उन्होंने कहा धार्मिक आयोजन केवल पूजन या परंपरा नहीं होते, बल्कि ये समाज को जोड़ने, संस्कृति से जोड़ने और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले उत्सव होते हैं। धाम के महंत राकेश गिरी ने कहा कि भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति ने भोजन, पेयजल, बैठने और साफ-सफाई की व्यवस्था की, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान, पूर्व विधायक सोमबीर गागड़वास, विजय खोरड़ा, महादेव बलाली, अधिवक्ता राजबाला, जेजेपी हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण, राजेंद्र हुई, सरपंच सूरजभान, संदीप धारणी व रोहित सांगवान आदि मौजूद रहे।

## कैरू के आदर्श विद्यालय में रंगोली स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

पाठ्य सहगामी क्रियाओं का होना भी उतना ही जरूरी है जितना शिक्षा का इसी उद्देश्य को लेकर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू में रंगोली प्रतियोगिता आयाजित की गई। इसमें विद्यालय के कक्षा पाँचवीं से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग में सात व कनिष्ठ वर्ग में बीस वर्गों के मध्य प्रतियोगिता प्रारंभ की गई। इसमें विद्यार्थियों ने देश भक्ति, प्रदूषण, माँ की ममता, जाति प्रथा, तिरंगा आदि पर एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। निर्णायक की भूमिका में प्राध्यापिका प्रवीण कुमारी, शालु अग्रवाल, सुनीता भारद्वाज, मनीषा व सुनैना अग्रवाल ने दस-दस अंकों के आधार पर सभी ग्रुपों का मूल्यांकन किया। वरिष्ठ वर्ग में कुल पचास अंकों में से ग्रुप एस 6 ने 48.5 व कनिष्ठ वर्ग में ग्रुप जे 13 ने अपने-अपने ग्रुपों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों में छिपी इस प्रतिभा को देखते हुए विद्यालय के उप प्रबंधक डॉ. विकास बंगालिया ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए दोनों वर्गों में प्रथम रहे विजेताओं को सम्मानित किया और एक्टिविटी ईंचार्ज हनीश अग्रवाल को कहा कि समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करवाकर अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को आगे लाने का प्रयास करें।




तोशाम। स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में रंगोली बनाते हुए। फोटो: हरिभूमि

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में पद-अलंकरण समारोह

- समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि कर किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ,भिवानी के प्रांगण में प्राचार्य डॉक्टर निर्मला नीतू के मार्गदर्शन में 'पद-अलंकरण समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पण के साथ किया गया। कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को शेस और बैजेस पहनाकर छात्र-परिषद के सदस्यों के रूप में भिन्न-भिन्न पदों से अलंकृत किया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थी अदम्य प्रताप सिंह और अदिति को क्रमशः 'हेड बॉय' और 'हेड गर्ल' के पद पर सुशोभित किया गया। कक्षा 11वीं के मोक्ष और नंदिनी को 'वॉइस हेड बॉय' और 'वॉइस हेड गर्ल' तथा कक्षा पांचवी के नक्श और नायरा को 'जूनियर हेड बॉय' और 'जूनियर हेड गर्ल' के पद पर सुशोभित किया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थी वंश शर्मा और शिवांगी को 'डिसिप्लिन इंचार्ज' एवं कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थी नमन और ओमिशा को 'वाइस डिसिप्लिन इंचार्ज' के पद पर सुशोभित किया गया। कक्षा 12वीं के शुभम और ईशा को 'कल्चरल इंचार्ज' के पद से सुशोभित किया गया वहीं कक्षा ग्यारहवीं के रॉकी और रिदम को 'वॉइस कल्चरल इंचार्ज' के पद पर आसीन किया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थी नितिन और अनुभूति को 'स्पोर्ट्स कैप्टन' के रूप में और कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थी अंश और लीजा को 'वॉइस स्पोर्ट्स कैप्टन' के पद पर सुशोभित किया गया। कक्षा 12वीं के छात्र रचित और छात्रा राघवी को 'इवेंट कोऑर्डिनेटर' के पद पर सुशोभित किया गया।



भिवानी। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### गिरीश और हर्षिका बने जूनियर हाउस कैप्टन

झेलम सदन से कक्षा दसवीं के हर्ष व सृष्टि को 'हाउस कैप्टन' और कक्षा पांचवी के मयंक व आलिया को जूनियर हाउस कैप्टन के पद पर सुशोभित किया गया। यमुना सदन से कक्षा दसवीं के विद्यार्थी रेयान व रिचा को 'हाउस कैप्टन' व कक्षा पांचवी के विद्यार्थी गिरीश व हर्षिका को जूनियर हाउस कैप्टन' के पद पर सुशोभित किया गया । सतलुज सदन से कक्षा दसवीं के हिमांशु और प्राची को 'हाउस कैप्टन' और कक्षा पांचवी से जियांश और रिद्धिमा को 'जूनियर हाउस कैप्टन' के पद पर आसीन किया गया।

## विस सत्र में आईआईटी व बाईपास निर्माण का मुद्दा उठाए जनप्रतिनिधिः सोमवीर



**बाढ़ड़ा।** प्रदेश की भाजपा सरकार केवल जीटी रोड तक सिमटकर रह गई है। वहीं दक्षिणी हरियाणा को रामभरोसे छोड़ दिया है। दस साल बाद सीएम के आगमन के बावजूद अधिकारियों के रिक्त पदों पर तैनाती, किसानों को खाद, बिजली पानी की जरुरतमंद मांगें पूरी नहीं हो पाई है, जो जरुरी है, लेकिन क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि वह भी सरकार अनदेखा कर रही है। झोझू रैली में सीएम, सांसद या किसी मंत्री ने सबसे जरुरी आईआईटी निर्माण, जाम से बचने के लिए मिनी बाईपास निर्माण करना, बाढ़ड़ा में सड़कों पर गंदे पानी की निकासी मामला उठाना तो दूर उनका नाम तक लेना मुनासिब नहीं समझा जो क्षेत्र की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है, ये बात वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण ने ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए कही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### छात्रों की सोच-जीवनशैली में स्वच्छता को स्थाई रूप से शामिल करना : आर्य

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में भारत सरकार द्वारा संचालित 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत तथा विद्यालय द्वारा इसी मिशन के अंतर्गत चलाई गई मुहिम 'फिट हलवासिया,फिट इंडिया' के अंतर्गत तीसरे दिन विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में सरस्वती पार्क एवं मेजर ध्यानचंद खेल मैदान में सफ़ाई अभियान चलाया। इस दौरान कक्षा आठवीं 'सी', कक्षा नवम 'सी' एवं कक्षा बारहवीं 'सी' के विद्यार्थियों ने मिलकर मैदान की साफ़–सफाई की तथा फैले कचरे को एकत्र कर सराहनीय योगदान दिया। प्राचार्य विमलेश आर्य ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया।

## के. एम.पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अणुव्रत समिति के द्वारा मुनि रणजीत कुमार के सान्निध्य में राज्य स्तरीय अणुव्रत सृजनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन हिसार में किया गया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। ग्रुप -2 से भाषण में राही प्रथम तथा एकल गायन में कार्तिक प्रथमव समूह गायन में अस्मिता शर्मा, वैष्णवी, वंदना, श्रेया पंडिततथा वैशाली प्रथम तथा निबंध लेखन में चिंकिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप -1 से भाषण में दिशा प्रथम तथा ड्राइंग में लक्की ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन विद्यालय शिक्षिका अंजु देवी, चंद्र प्रकाश मेहता,स्नेह लता, शिमला तथा दीक्षा ने किया। श्रीरमेशबंसल, संरक्षक, अणुव्रत समिति व नरेश बंसल, अध्यक्ष, अणुव्रत समिति ने सभी विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया तथा इन सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तरीय अणुव्रत क्रिएटिविटी प्रतियोगिता के लिए अहमदाबाद गुजरात में आमंत्रित किया । विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी,उप-प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा,गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।




भिवानी। प्रतिभागियों के साथ स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

मार्केट न्यूज

### सेहत, ताज़गी और प्राकृतिक गुणों का मिश्रण है सागर सुपर चाय




**भिवानी।** कंपनी के डायरेक्टर राजेश मित्तल का कहना है कि सागर चाय 1985 से उपभोक्ताओं की सेवा में हैं। हमारा संकल्प है कि अपने उपभोक्ता को शुद्ध चाय व मसाला प्रदान करें। बाजार में इसके कई फ्लेवर उपलब्ध है और ये चाय बड़ी संख्या में वेरिएंट प्रदान करते हैं। प्राकृतिक मसाले, इलायची और अदरक का एक आदर्श मिश्रण सागर चाय को बेजोड़ सुगंध और स्वाद देता है। यह पारंपरिक भारतीय चाय असम से चुने गए चाय के पत्तों से तैयार की जाती है। इसके हर एक तरह की चाय का एक खास स्वाद और औषधीय गुण है, जो ताजगी, ओरिजिनालिटी और नेचर का एहसास देती है। इसका हर सिप एक यादगार अनुभव से कम नहीं। यह चाय तनाव कम करती है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। यह ब्रांड की गुणवत्ता है जो प्रतिद्वंद्वियों द्वारा कठोर चुनौतियों के बावजूद अपनी क्वालिटी व पैकेजिंग से कभी समझौता नहीं करती है। ये चाय बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं और महंगी नहीं हैं। ये चाय के उन दीवानों के लिए खासतौर पर तैयार की गई है, जिन्हें अपने दिन की शुरुआत में ही नहीं, बल्कि दिन में कभी भी स्ट्रांग चाय की जरुरत पड़ती रहती है। कंपनी ने हाल में ही सुपर चाय भी सागर सुपर चाय के नाम से बाजार में उतारा है।

## मंदिरों के नोटिस के खिलाफ लोगों में रोष

# नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के करीब दो दर्जन मंदिर मस्जिद और गुरुद्वारों को नगर पालिका प्रशासन द्वारा 12 अगस्त को एक सप्ताह का समय देते हुए उनकी जमीन को खाली करने के आदेश का नोटिस सभी धार्मिक स्थलों को देने का कस्बे में भारी विरोध हो रहा है। कस्बा वासियों में इस बात को लेकर काफी रोष है कि जिन मंदिरों का निर्माण कई दशक पहले हो चुका है उनको भी नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं उनमें से कुछ मंदिर तो ऐसे हैं जिनकी जमीन की मलकियत खुद उनके नाम बताई जाती है फिर भी नगर पालिका ने ऐसे धार्मिक संस्थाओं को एक सप्ताह का समय देते हुए नोटिस जारी कर दिए। इसी को लेकर बवानी खेड़ा के मुख्य बाजार में स्थित शिव मंदिर में सैकड़ो लोग इकट्ठे हुए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने यह भी कहा कि यदि नगर पालिका धार्मिक संस्थाओं के खिलाफ जिसमें मंदिर मस्जिद गुरुद्वारे शामिल हैं।



बवानीखेड़ा। धार्मिक संस्थानों को नोटिस जारी करने के विरोध में नारेबाजी करते हुए।

### मंदिर को दादा भिखू राम ने 1990 में बनाया था

वही मंदिर के संचालक टेकचंद कौशिक ने बताया कि यह मंदिर उनके दादा भिखू राम के द्वारा 1990 में बनाया गया था । जो कि बाद में 1994 में नगर पालिका ने उनके खिलाफ केस किया। इसके बाद 1997 में वह कोर्ट में जीत गए और यह मलकियत उनके दादा भिखू राम के नाम से हो गई। इसके बावजूद भी नगर पालिका द्वारा उनको नोटिस जारी करके मंदिर को हटाने के आदेश दिए गए हैं। जिसका कस्बा वासियों ने जमकर विरोध किया है। इस मामले को लेकर नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि उन्होंने पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश अनुसार ही कस्बे के धार्मिक स्थलों को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में साफ-साफ लिखा है कि नगर पालिका की सरकारी अवैध भूमि पर जो विभिन्न धार्मिक संस्थाओं द्वारा निर्माण किया गया है और यह दिशा निर्देश सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार तथा पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट को दिए गए दिशा निर्देश अनुसार नगर पालिका ने यह नोटिस जारी किए गए हैं।

### सीबीएलयू ने यूजी, पीजी और बीएड के मर्सी चांच का शेड्यूल जारी

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय ने यूजी और पीजी के मर्सी चांच की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया है । यूजी और पीजी मर्सी चांस की प्रैक्टिकल परीक्षा 29 अगस्त प्रातः 10: 00 बजे से विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ पवन गुप्ता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इन मर्सी चांस की प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। बी.एड द्वितीय वर्ष के मर्सी चांस की प्रैक्टिकल परीक्षा राजकीय बी.एड कॉलेज भिवानी में 29 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे तथा बी.एड प्रथम वर्ष की मर्सी चांस की प्रैक्टिकल परीक्षा 30 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे राजकीय बी.एड कॉलेज भिवानी, एम.एड चतुर्थ सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षा 01सितंबर को प्रातः 10:00 बजे राजकीय बी.एड कॉलेज भिवानी में होगी।